* श्री *

कृत्तिवास रामायण

[रामचरितमानस से सौ वर्ष पूर्व लिखित विचक्षण महाकाव्य]

बँगला मूलकाव्य के अमर रचयिता

सन्त महाकवि कृत्तिवास

अनुवादक

पं० नन्दकुमार अवस्थी

प्रकाशक

श्री प्रभाकर साहित्यालोक

रानीकटरा लखनऊ

हिन्दी समिति
उत्तर प्रदेश द्वारा
पुरस्कृत।

* श्री *

कृतिवास रामायण

[रामचरितमानस से सौ वर्ष पूर्व लिखित विचक्षण महाकाव्य)

बँगला मूलकाव्य के अमर रचयिता

सन्त महाकवि कृत्तिवास

अनुवादक

पं० नन्दकुमार अवस्थी

प्रकाशक

श्री प्रभाकर साहित्यालोक

रानीकटरा लखनऊ

प्रकाशक
श्री प्रभाकर साहित्यालोक
श्रीरामरोड, लखनऊ

प्रथमावृत्ति—जून, १९५९
मूल्य—छः रुपया

मुद्रक
श्री चंद्रिकाप्रसाद जिज्ञासु
समाज सेवा प्रेस
सआदतगंज रोड, लखनऊ

अनुवादक का वक्तव्य

मंगलमय भगवान् की दया, पूर्वजों की अनुकम्पा और गुरुजनों के आशीर्वाद से मुझ अकिञ्चन ने, आज से लगभग ५०० वर्ष पूर्व अवतीर्ण, बंगभाषा के महाकाव्य "कृत्तिवास रामायण" के हिन्दी-रूपान्तर को प्रस्तुत करने का साहस किया है। पाठकों के लिये भी यह कौतूहलजनक है। प्रश्न उठ सकता है कि हिन्दी में रामचरित्र पर तुलसी की अमर रचना 'रामचरितमानस' के अखंड और अखिल भारतीय साम्राज्य के रहते एक नवीन रामायण की रचना करने की आवश्यकता क्या है? इस जिज्ञासा के समाधान और महासन्त कृत्तिवास तथा उनके सुललित और सर्वांगपूर्ण इस महाकाव्य का, पाठकों के समक्ष, कुछ परिचय प्रस्तुत करने के हेतु, हिन्दीकार के नाते यह वक्तव्य देना आवश्यक प्रतीत हुआ है।

संस्कृत के उत्तरकालीन साहित्य और संस्कृतेतर भारत की क्षेत्रीय तथा जनपदों की अन्य विपुल भाषाओं में प्राप्त धार्मिक अथवा सांस्कृतिक प्रायः सारे साहित्य पर व्यास के जयग्रन्थ (महाभारत) अथवा रत्नाकर (वाल्मीकि) की रामायण का प्रभाव है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि-रचित 'वाल्मीकीय रामायण', रामचरित्र पर उपलब्ध रचनाओं में सर्वप्रथम काव्य † है। इसी के आधार पर बृहत्तर भारत ‡ के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न भाषाओं में कालिदास, कृत्तिवास, तुलसीदास आदि सरस्वती के अनेक वरद पुत्रों ने समय-समय पर मर्यादापुरुषोत्तम राम पर अपनी-अपनी भावना के अनुरूप काव्य-रचना की है।

उल्लेखनीय है कि गोस्वामीजी के 'रामचरितमानस' के रचना-काल से लगभग सौ वर्ष पूर्व "कृत्तिवासी रामायण" का आविर्भाव हुआ। उसके रचयिता संत कृत्तिवास बंगभाषा के आदिकवि माने जाते हैं। प्रारम्भ में संस्कृत के अभिमानी पण्डितों ने कृत्तिवास की रचना का बड़ा उपहास किया। उन पर चारो ओर से आक्षेप और प्रहार होने लगे। किन्तु परम स्वाभिमानी, संस्कृत और बंगला भाषाओं के समानरूपेण विद्वान, महापण्डित कृत्तिवास की दृढ़ता और ओज के समक्ष उन पण्डितों का मिथ्याभाव टिक नहीं सका। थोड़े ही समय में जनताजनार्दन के हृदय को मुग्ध कर इस महाकाव्य ने चिरंतन साम्राज्य के लिए अपना स्थान बना लिया। बंग-भाषा-भाषी प्रत्येक परिवार में आबाल-वृद्ध-वनिता सब इसके अनवरत गान में आनंदित होने लगे।

---

† वैसे आर्ष वचनों से यह आभास मिलता है कि च्यवन ऋषि एवं उनके अनुवर्ती वंशजों ने समय-समय पर रामायण का गान किया है और उन्ही को परंपरा में आगे चलकर उत्पन्न रत्नाकर (वाल्मीकि) द्वारा रामचरित्र का जो संस्करण हुआ, वही आजकल की प्रचलित "वाल्मीकीय रामायण" का कलेवर अथवा कलेवर का आधार है।

‡ वृहत्तर भारत में अफग़ानिस्तान, पाकिस्तान, बलख, बरमा, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा हिन्द महासागर के द्वीपपुञ्ज भी सम्मिलित थे।

संत कृत्तिवास का समय गोस्वामी तुलसीदास जी से लगभग एक शताब्दी पूर्व होने के बावजूद उनका जन्म-स्थान, कुल और वंश-परिचय असंदिग्ध और सुविख्यात है। सन् ७३२ ई० में बंग-नरेश 'आदिशूर' द्वारा, यज्ञ के लिए कान्यकुब्ज देश से आमंत्रित और फिर बंगाल में ही बस गये पाँच ब्राह्मण-प्रवरों में सुपूज्य भारद्वाज गोत्रीय 'श्रीहर्ष' पण्डित से तेरहवीं पीढ़ी में 'माधवाचार्य' का जन्म हुआ। माधवाचार्य के 'उत्साह', उत्साह के 'आयित', आयित के 'उद्धव', उद्धव के 'शिव' और शिव के पुत्र 'नृसिंह' ओझा हुए, जो सुवर्णग्राम के अधिपति महाराज 'वेदानुज' के प्रधान मंत्री थे। आज से लगभग ६२५ वर्ष पूर्व वेदानुज-काल में अराजकता उत्पन्न हो जाने के फलस्वरूप नृसिंह ओझा ने सुवर्णग्राम का परित्याग कर उस समय के अति समृद्धिशाली 'फूलिया' ग्राम में जाकर निवास किया।

कृत्तिवास के 'आत्मपरिचय' तथा इतिहास के विद्वानों के मत से प्रकट है कि 'फूलिया' धन-धान्य पूरित और मनोरम पुष्पोद्यानों से प्रफुल्लित, गंगाभागीरथी के उत्तर-पूर्व तट पर, श्रीमानों एवं प्रकाण्ड पण्डितों का उस समय प्रमुख पीठस्थान था। फूलिया, बेलगड़े, मालीपोता, सिमला, नवला, प्रभृति पञ्चग्राम संगठित होकर 'फूलिया-समाज' के नाम से प्रसिद्ध थे। कृत्तिवास से पूर्व और पश्चात् इस जागती भूमि ने अनेक भारतप्रसिद्ध विद्वानों एवं साधकों को जन्म दिया। स्वयं कृत्तिवास के अति पवित्र कुल में ही 'अन्नदामंगल' आदि के रचयिता 'भारतचन्द्र गुणाकर', सुविख्यात स्मार्त और नैय्यायिक 'वासुदेव सार्व्वभौम', ओझा (उपाध्याय) वंश के प्रथम 'मुखोपाध्याय' उपाधिधारी 'श्रीगर्भ', 'रामचंद्र विद्यालंकार', 'सर आशुतोष मुखर्जी' और अभी कल ही हम से विलग हुए, राष्ट्र के लिये प्राणोत्सर्ग करनेवाले 'स्व० श्यामाप्रसाद मुखर्जी' आदि नररत्नों ने या तो इसी पुण्यभूमि में जन्म लिया अथवा 'फूलिया के मुखर्जी' के पुनीत परिवार का होने के नाते अपनी कुलीनता का गर्व करते रहे हैं। यहीं पर उल्लेखनीय है कि भारत के सुवर्णकलश साहित्य-सम्राट बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय से आठ पीढ़ी पूर्व उनके पूर्वज अवस्थी गंगानन्द भी 'चटर्जीवंश' के अतिकुलीन 'फूलिया घराने' के आदिपुरुष थे और फूलिया के ही निवासी थे। आज कालस्रोत के प्रवाह में पड़कर "फूलिया" गंगा से काफी दूर हटकर एक साधारण ग्राम मात्र रह गया है। संत कृत्तिवास की यादगार उनका 'दोलमञ्च' आज भी एक टीले की शक्ल में वहाँ विराजमान है।

अस्तु उसी फूलिया में नृसिंह ओझा ने सुवर्णग्राम से आकर निवास किया। नृसिंह ओझा के 'गर्भेश्वर', गर्भेश्वर के 'मुरारि', मुरारि के तृतीय पुत्र 'वनमाली' और इन्हीं वनमाली की पत्नी 'मालिनी' के गर्भ से उत्पन्न छ पुत्र और एक कन्या में कृत्तिवास कदाचित् ज्येष्ठ थे। इस प्रकार इस पुनीत वंश के प्रथम बंगवासी 'श्रीहर्ष' से २२वीं पीढ़ी में सन्त कृत्तिवास ने जन्म लिया।

कृत्तिवास ने स्वरचित 'आत्मपरिचय' नामक प्रबन्ध में अपने जन्मदिवस के संबंध में इस प्रकार लिखा है:—

"आदित्यवार श्रीपंचमी पूर्ण माघ मास। ताखि मध्ये जन्म लइलाम कृत्तिवास।।"

इसके अनुसार पंचांग में ठीक शुभ क्षण खोजकर तथा अन्य विविध तथ्यों एवं तर्कों के आधार पर अनेक बंगीय विद्वानों के सहयोग से पण्डितप्रवर अध्यापक योगेशचन्द्र ने १४३३ ई० ११ फरवरी, रविवार माघ संक्रांति, रात्रिकाल को कृत्तिवास का जन्म-काल माना है। उन्हीं विद्वद्वर के मत से ४७ वर्ष की आयु प्राप्त होने पर १४८० ई० में संत का निर्वाण-काल और १४६७ ई० से १४७२ ई० के मध्य के पाँच वर्षों को रामायण कृत्तिवास की रचना का समय माना जाता है। कृत्तिवास के संतान होने का उनके 'आत्मपरिचय' में अथवा अन्यत्र भी कहीं उल्लेख नहीं है।

कृत्तिवास के पितामह मुरारि ओझा व्यास और मार्कण्डेय के समान विद्वान् एवं तपस्वी थे। उनके सात पुत्र और बहुसंख्यक पौत्र-प्रपौत्रों का विपुल परिवार अतुल पाण्डित्य, कीर्ति और ऐश्वर्य का यशस्वी केन्द्र था। बारह वर्ष की अवस्था में कृत्तिवास, गंगापार किसी (अज्ञात-नामा) सर्व गुणनिधान गुरु के पास पढ़ने जाने लगे। कृत्तिवास ने स्थान-स्थान पर उनको महातेजस्वी कहकर व्यास-वाल्मीकि से तुलना की है। अध्ययन के पश्चात् सरस्वती के वरद पुत्र कृत्तिवास ने गौड़ेश्वर के प्रमुख सभापण्डित का पद प्राप्त किया। उस समय बंगाल में अनेक राजा-महाराजा सब गौड़ेश्वर करके प्रसिद्ध होते थे। कृत्तिवास के आश्रयदाता गौड़ेश्वर का नाम अज्ञात है। इन्हीं गौड़ेश्वर की प्रार्थना पर 'सन्त' द्वारा रचित ललित महाकाव्य आज 'कृत्तिवास रामायण' के नाम से प्रसिद्ध है।

'कृत्तिवास रामायण' सात काण्डों में समाप्त जनसाधारण के लिए सुबोध अति सरल पयार छन्दों में वर्णित 'पाञ्चाली गान' है। महाकाव्य को पढ़ने पर यह निश्चय प्रतीत होता है कि कृत्तिवास छन्द, व्याकरण, ज्योतिष, धर्म और नीति के अगाध पण्डित थे। भाषा सरल अलंकार-अनुप्रास से युक्त तथा भाव और कवित्व-कल्पना से परिपूर्ण है। पारिवारिक, सामाजिक, राजनैतिक, आचार का पूरा ज्ञान और संस्कृत-भाषा पर सर्वाङ्ग अधिकार है। राम-नाम में परम आस्था और विष्णु-शिव-शक्ति के स्वरूप में उनकी समानरूपेण भक्ति थी।

'कृत्तिवास' द्वारा हस्त-लिखित रामायण की प्रति अप्राप्य है। यदा-कदा प्राप्त प्राचीन पाण्डुलिपियों और सर्वत्र गाये जानेवाले पाञ्चाली गान के संग्रह बहुधा एक दूसरे से भिन्न भी पाये गये हैं। अतः प्रस्तुत रामायण ग्रन्थ के विषय में निश्चय रूप से यह कहना असम्भव है कि कृत्तिवास की प्रस्तुत रचना में कितना अंश प्रक्षिप्त है। फिर भी 'बंगीय साहित्य परिषद'-जैसे भाषा-देव-मंदिरों में संगृहीत रामायण की अति प्राचीन लगभग ४०० पाण्डुलिपियों का निरीक्षण करके, श्रीरामपुर मिशनरी के प्रधान पादरी श्री केरी साहब के अनुरोध पर, विद्वत्मार्तण्ड स्व० जयगोपाल तर्कालंकार के प्रयास से सन् १८०२ ई० में "श्रीरामपुर मिशन प्रेस" से सर्वप्रथम 'रामायण कृत्तिवास' का परिष्कृत संस्करण प्रकाशित हुआ। तब से अनेक विद्वानों ने समय-समय पर उसका परिमार्जन किया और आज बाजार में उपलब्ध रामायण उन्हीं प्रयासों का पुष्कल परिणाम है। भले ही उनमें कोई-कोई अंश प्रक्षिप्त हों, किन्तु वह पवित्र ग्रन्थ कृत्तिवास की रचना करके मान्य है।

'कृत्तिवास रामायण' बंगभाषा-भाषियों की रग-रग में ओतप्रोत है। धनी-निर्धन, शिक्षित-अशिक्षित, पण्डित-मूर्ख, प्रत्येक सम्प्रदाय, समाज और वर्ग के लिए समान रूपेण वह आनंदकारी है। संस्कृत में कालिदास और हिन्दी में गोस्वामी तुलसीदास के ही समान बँगला में 'कृत्तिवास' अजर-अमर और उनकी 'रामायण-रचना' सर्वकालानुयायी, सर्वतोगामिनी तथा सर्वतोव्यापिनी है। भाव सुस्पष्ट और भाषा प्राञ्जल, सरल और रोचक होते हुए भी अतुल पाण्डित्य-पूर्ण है।

'कृत्तिवास रामायण' का कथानक प्रायः वाल्मीकीय रामायण के अनुसार है, फिर भी स्थान-स्थान पर अन्य पौराणिक अंशों का भी पर्याप्त समावेश है। गोस्वामीजी के मानस की तुलना में आख्यानों की अत्यधिक प्रचुरता कृत्तिवास रामायण की अपनी विशेषता है।

कृत्तिवास द्वारा रचित अनेक ग्रन्थों में रामायण के अतिरिक्त 'योगाद्यार बन्दना', 'शिवरामेर युद्ध', 'रुक्मांगदेर एकादशी' प्राप्य हैं। बँगला भाषा के इस महाकाव्य के रचयिता की सर आशुतोष मुखर्जी ने भी भूरि-भूरि बन्दना की है, और उसी कुल में जन्म पाने के नाते अपने को धन्य माना है।

अस्तु, प्रातःस्मरणीय सन्त कृत्तिवास और उनकी 'रामायण' का संक्षिप्त परिचय देने के पश्चात् ऐसे 'सुधाभाण्ड' को हिन्दी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर अधिक लिखने का प्रयोजन शेष नहीं रहता। असंख्य कथारत्नों से अलंकृत, सर्वरसपूर्ण इस महाकाव्य से राष्ट्रभाषा के भण्डार की श्रीवृद्धि करने की लालसा इस अकिंचन के मन में जागृत हुई।

इस मनोरथ के जागने पर, सन् १९१६ ई० में स्टीम प्रिन्टिंग प्रेस लखनऊ द्वारा प्रकाशित 'कृत्तिवास बालकाण्ड' को देखा। उसके संबंध में जिज्ञासाएँ कीं जिनसे विदित हुआ कि मेरे पड़ोसी एवं सजातीय, साहित्यमूर्धन्य स्व० पण्डित रूपनारायण पाण्डेयजी ने प्रसिद्ध साहित्यप्रेमी न्यायाधीश स्व० बा० कालीप्रसन्न सिंह के आग्रह पर यह रचना की थी। जो बाद में बा० कालीप्रसन्न सिंह के नाम से ही प्रकाशित हुई। स्व० पाण्डेयजी से चर्चा करने पर उन्होंने मुझे उक्त बातें बतलाईं। अनुवाद के संबंध में भी उन्होंने बताया कि "कृत्तिवास बालकाण्ड" के हिन्दी-अनुवाद से ही बँगला भाषा के हिन्दी-अनुवाद प्रस्तुत करने का कार्य उन्होंने आरम्भ किया था। और शायद इसी कारण बँगला का प्रारम्भिक अभ्यास होने से कृत्तिवास रामायण का हिन्दी भाषा में प्रस्तुत बालकाण्ड, मूल ग्रन्थ का अनुवाद न होकर एक स्वतंत्र-सा ग्रन्थ बन गया। उनका वह बालकाण्ड स्वतंत्र रूप से निस्सन्देह उनकी विद्वत्ता एवं प्रतिभा का परिचायक है। स्व० पाण्डेयजी हिन्दी के प्रतिभाशाली कवि, संस्कृत-भाषा के प्रकाण्ड पण्डित तथा श्रीमद्भागवत के पुश्तैनी विद्वान् थे। और कदाचित इसीलिये वे कृत्तिवास रामायण के आधार को लेकर भी ग्रन्थ में श्रीमद्भागवत, योगवाशिष्ठ, अध्यात्म-रामायण, रघुवंश, मत्स्यपुराण, मार्कण्डेयपुराण आदि से विविध विषयों को प्रचुर संख्या में लेकर एक स्वतंत्र बृहत्काव्य की रचना-निर्माण का लोभ संवरण न कर सके।

यहाँ तक कि वह ग्रन्थ मूल कृत्तिवास के आदिकाण्ड से कई गुना बढ़ भी गया। यह ग्रन्थ बा० कालीप्रसन्न सिंह के नाम से छपा। पाण्डेयजी का नाम उसपर नहीं दिया गया है। आज उसके संस्करण प्राप्य भी नहीं हैं।

अतः यह विचार कर कि स्व० पाण्डेयजी की उक्त रचना से 'कृत्तिवास रामायण' के न तो ७ काण्डों की पूर्ति होती थी और न आदिकाण्ड की ही, हिन्दी के इस अनमोल ग्रन्थ को प्रस्तुत करने की मेरी अभिलाषा दृढ़तर हो उठी।

बँगला रामायण की प्राञ्जल और सुबोध भाषा ने मेरे कार्य को सरल किया। गोस्वामीजी के रामचरितमानस के प्रमुख छन्द "दोहा-चौपाई" मानो रामायण के स्वरूप ही समझे जाते हैं। इसलिए कृत्तिवास के हिन्दी पद्यानुवाद को भी मैंने दोहा-चौपाई में ही रचना आरम्भ किया। यह पुष्कल कार्य १९५३ ई० में आरम्भ हुआ परन्तु मध्यम वर्ग की पारिवारिक एवं अन्यान्य कठिनाइयों के कारण लगभग ६ वर्षों बाद आज केवल आदिकाण्ड प्रकाशित होकर पाठकों के सामने प्रस्तुत हो सका है। द्वितीय खण्ड प्रेस में दिया जा रहा है। इस दूसरे खण्ड में अयोध्या, अरण्य, किष्किन्धा तथा सुन्दरकाण्ड हैं। तीसरे खण्ड में लंका और उत्तरकांड संपूर्ण होकर पाठकों के सामने प्रस्तुत हो जायँ तो भगवान् की असीम अनुकम्पा से जीवन सफल समझूँगा।

हिन्दी-काव्य में १६ चौपाइयों की एक कड़ी रखी गई है। और इन कड़ियों को कहीं एक, कहीं दो, 'दोहा-सोरठा' से जोड़कर एक-एक विराम की क्रमसंख्या दी गई है। एक कठिनाई अनुवाद करते समय मेरे सामने और थी। बँगला भाषा में संस्कृत के अनुसार प्रत्ययों से क्रिया का भी काम लिया जाता है। हिन्दी में वह सुविधा कम होने से मैटर "लाइन टु लाइन" जाने में कठिनता होती थी। दूसरी ओर मेरा सतत प्रयास था कि हिन्दी का कलेवर बँगला की अपेक्षा बढ़ने न पाये। इस कठिनाई को किसी प्रकार पार किया। कथानक और भावचित्रण में कहीं ही ऐसा अवसर आया है कि हिन्दी और बँगला-पाठों में कुछ अन्तर प्रतीत हो। उनका उत्तरदायी सर्वरूपेण हिन्दीकार है। हिन्दी-अनुवाद काव्य-भाषा और व्यंजना की दृष्टि से कहाँ तक सफल हुआ है, यह सहृदय पाठकों के देखने की वस्तु है। उदार पाठकों से प्रार्थना है कि ग्रन्थ में मेरी त्रुटियों को क्षमा करते हुए संत कृत्तिवास के सुधा-सलिल का पान करें।

पुस्तक को मुद्रण के हेतु देते समय एक नई समयोचित भावना जागृत हुई। बँगला मूल को नागरी लिपि में हिन्दी-रचना के साथ-साथ देने से हिन्दी पाठक को मूल बँगला-काव्य के पढ़ने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। बँगला भाषा जैसी सरल, मधुर और संस्कृतमय है, उससे दो ही एक आवृत्ति कर लेने पर मूल काव्य समझ में आने लगेगा। इस प्रकार बँगला भाषा का ज्ञान और क्रमशः बँगला भाषा के अन्य ग्रन्थों को पढ़ने की अभिरुचि भी उत्पन्न होगी। दूसरी ओर बँगला भाषा-भाषी अपने पवित्र सद्ग्रन्थ को हिन्दी-लिपि में पाकर राष्ट्रलिपि को सीखने और फिर क्रमशः राष्ट्र-भाषा के साहित्य और विशेष रूप से गोस्वामीजी के 'रामचरितमानस' जैसे अद्वितीय महाकाव्य को पढ़ने-समझने में भी अनुरक्त होंगे। इस प्रकार

राष्ट्र-भाषा को अखिल देश में व्याप्त करने और विभिन्न राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं को एक राज्य से दूसरे राज्य तक प्रसारित कर सुपाठ्य और सुबोध बनाने के पुनीत राष्ट्रधर्म में मुझ जैसा साधारण नागरिक समुचित अनुदान देकर धन्य होगा।

बँगला उच्चारण को नागरी लिपि में देने की समस्या की ओर भी ध्यान गया। कश्मीर से कन्याकुमारी पर्यन्त ग्राम-ग्राम, नगर-नगर और प्रान्त-प्रान्त में, मैं देखता हूँ, एक मूल भाषा कश्मीरी, पंजाबी, कौरवी, सौरसेनी, अवधी, मागधी, मैथिल, बँगला, उड़िया आदि अनेक भाषाओं में परिणत होती चली गई है। किन्तु हिन्दी के राष्ट्रभाषा एवं देवनागरी लिपि के राष्ट्रलिपि स्वीकृत हो जाने से भाषा और लिपि में यथासाध्य एकरूपता को प्रश्रय देना आवश्यक कर्त्तव्य-सा बन गया है। अतएव बँगला कविता को देवनागरी लिपि में लिखते समय 'योड़' को 'जोड़' एवं 'याय' को 'जाय' लिखना उचित समझा गया, फिर भी सर्वत्र उसी शैली का अनुसरण किया गया है जिसे स्वयं बंगाली लेखकों ने अपनाया है, अर्थात् जलवायु से प्रभावित भिन्न उच्चारण की ओर ध्यान न देकर शब्दों को शुद्ध-रूप में लिखना। बँगला वर्णमाला का उच्चारण ओकारान्त होने पर भी बंगाली लेखक 'जल' और 'चक्षु' ही लिखते हैं यद्यपि पढ़नेवाले उन्हें 'चोख' और 'जोलो' पढ़ लेते हैं। हमने भी इसी मार्ग को ग्रहण करके मूल बँगला का अक्षरान्तर-मात्र कर दिया है। इस संबंध में प्राप्त परामर्शों का सादर स्वागत पूर्वक अगले काण्डों के छपते समय उन पर विचार किया जायगा।

अब दो शब्द अवशेष हैं। इस बड़े कार्य में यदि मेरे गुरुजनों और सहृदय मित्रों द्वारा उत्साह मुझे प्राप्त न होता तो कदाचित् मैं थककर कहीं बैठ जाता। मैं उनके स्नेह और सहृदयता का आभारी हूँ। नवलकिशोर प्रेस बुकडिपो लखनऊ के बटवारे के बाद उसके एक पक्ष के मैनेजर श्री कौशलकिशोर श्रीवास्तव, खेमराज व्यंकटेश्वर प्रेस के सर्वांगीण लेखक विद्यावारिधि स्व० पं० ज्वालाप्रसाद मिश्र के यशस्वी सुपुत्र हरद्वार-निवासी पं० महावीरप्रसाद मिश्र और प्रतिभासम्पन्न साहित्यकार मथुरा-निवासी श्री राजेश जी दीक्षित हमारे उन मित्रों में प्रमुख हैं। स्व० श्री रूपनारायण जी पाण्डेय का आशीर्वाद मुझे प्राप्त था। उन्होंने मेरे छपे कुछ फार्मों को देखकर प्रशंसा की थी और मेरे उत्साह को दुचन्द कर दिया था।

पुस्तक के मुद्रण के दौरान में समाज-सेवा-प्रेस के व्यवस्थापक तथा लेखन-मुद्रण-प्रकाशन के समग्ररूपेण कलाकार श्री चंद्रिकाप्रसादजी जिज्ञासु ने मुद्रण के साथ-साथ प्रूफ-संशोधन का कठिन भार भी अपने ऊपर लेकर हमारे इस कार्य को जितना सुगम किया वह उल्लेखनीय है। हमारे कार्य की संपन्नता में उनको निश्चय श्रेय है।

पुनश्च डा० श्री भगीरथ मिश्र, एम० ए०, पी-एच० डी०, रीडर हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी सम्मति और भूमिका देने का अनुग्रह किया, उनका भी मैं कृतज्ञ हूँ।

रानी कटरा, लखनऊ
१४—६—५९

अकिञ्चन
नन्दकुमार अवस्थी

भूमिका

आधुनिक भाषाओं में लिखित रामकाव्य की परंपरा में कवीश्वर कृत्तिवासकृत बँगला रामायण का आदिम कृतियों में स्थान है। कृत्तिवास का आविर्भाव-काल पंद्रहवीं शताब्दी विक्रमीय का प्रारंभ है † और उनकी रामायण का रचना-काल पंद्रहवीं शताब्दी का मध्यकाल है। वे महाप्रभु चैतन्य के पूर्ववर्ती माने जाते हैं। महाप्रभु का जन्म १४८६ ई० (१५४२ वि०) माना गया है। दोनो का हीं क्षेत्र नवद्वीप (नदिया) है। नवद्वीप के फुलिया नामक ग्राम में कवीश्वर कृत्तिवास का जन्म हुआ था। कृत्तिवास की कृति में चैतन्य का उल्लेख या प्रभाव नहीं है, जबकि महाप्रभु के शिष्यों ने कृत्तिवास का उल्लेख किया है। अतः निश्चित है कि कृत्तिवास का समय चैतन्य से पहले का है। ‡ वे गोस्वामी तुलसीदास से लगभग एक शताब्दी पूर्ववर्ती ठहरते हैं। इस दृष्टि से आधुनिक भारतीय भाषाओं में लिखित रामकथाओं में कवीश्वर कृत्तिवास की रामायण अग्रगण्य है।

कृत्तिवास की रामायण में आख्यानों और वर्णनों की प्रचुरता अपनी निजी रोचकता और सांस्कृतिक विशेषताओं से सम्पन्न है। यहीं पर यह कह देना आवश्यक है कि रामचरितमानस के समान ही कृत्तिवासकृत रामायण लोककंठों में बंगीय क्षेत्रों में गूँजती है। यह बात बँगला के आदिम कवीश्वर का सांस्कृतिक महत्व स्पष्टतया सिद्ध करती है।

इस महत्व से संपन्न ग्रन्थ का केवल बँगला-भाषी क्षेत्र में सीमित रहना उचित न था। इसी से प्रेरित होकर इसके अनुवाद करने का प्रयत्न हुआ। कृत्तिवासीय रामायण सप्तकाण्ड के अन्य भाषाओं में अनुवाद के प्रयत्न तो मुझे ज्ञात नहीं हैं; परन्तु इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रयत्न सुप्रसिद्ध साहित्यिक और न्यायाधीश स्वर्गीय बाबू कालीप्रसन्नसिंह के द्वारा किया गया था।

यह सन् १९१६ ई० की बात है जबकि इस प्रकार के अनुवादों का केवल साहित्यिक महत्व था और शुद्ध साहित्यिक अभिरुचि और निष्ठा रखनेवाले लेखक और प्रकाशक अपनी उदारता और साहित्य-प्रेम से प्रेरित होकर ही ऐसे कार्य करते थे। तब हिन्दी भाषा को आज का गौरव प्राप्त न हुआ था। अतः उसमें अन्य

---

† कवीश्वर कृत्तिवास के जन्मकाल के संबंध मे विभिन्न विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत हैं— प्रफुल्लचन्द्र वंद्योपाध्याय १३५५ ई० त्रैलोक्यनाथ भट्टाचार्य १३९० ई०, नगेन्द्रनाथ वसु १४०८-१४२० ई०, डा० दीनेशचन्द्र सेन-१४४० ई० के आसपास मानते हैं। पर इस संबंध में मतैक्य नही है।

‡ ऐसा प्रतीत होता है कि चैतन्य महाप्रभु प्रेरित भक्ति एव कीर्तन का प्रचार व प्रसार, उस समय के समस्त बंगाल प्रान्त में पूर्ववर्ती 'कृत्तिवास रामायण' के गायन में आप्लावित और विभोर जन-समुदाय की अभिरुचि उस ओर जाग्रत रहने से ही, घर-घर में व्याप्त हो गया। —अनुवादक

भाषाओं के ग्रन्थों का अनुवाद केवल साहित्यिक गौरव से ही संपन्न था। परन्तु आज इस प्रकार के अनुवाद-कार्यों की अनेक दृष्टियों से आवश्यकता है। आज हिन्दी, भारत राष्ट्र की राष्ट्र-भाषा है। अन्तर्प्रान्तीय आदान-प्रदान की माध्यम के रूप में वह स्वीकृत हो गई है। अतः ऐसी दशा में विभिन्न प्रान्तीय भाषाओं के साहित्यिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक तथा अन्य ग्रन्थों का अनुवाद हिन्दी में होना एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। इस प्रकार के अनुवादों से हम विभिन्न प्रदेशों में व्याप्त भारतीय सांस्कृतिक एकता और विशिष्टता का ज्ञान प्राप्त करते हैं, और अपने को एक दूसरे के अधिक निकट अनुभव करते हैं। अतः जब आज से ४०-४५ वर्ष पूर्व दासता के युग में ऐसे कार्य सम्पन्न किये गये तो आज तो और भी द्रुतगति से इस प्रकार के कार्य होने चाहिए।

इसी भावना से प्रेरित होकर कृत्तिवासकृत बँगला रामायण का श्री प्रभाकर साहित्यालोक लखनऊ से प्रकाशित यह अनुवाद लखनऊ नगर-निवासी पंडित नन्दकुमार अवस्थी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। बँगला में कृत्तिवास रामायण के मुद्रित और हस्तलिखित अनेक उपलब्ध संस्करणों में प्राप्त संक्षेप और विस्तार को देखने से प्रतीत होता है कि कहीं-कहीं प्रक्षिप्त अंश भी हैं। विस्तृत संस्करणों में कहीं-कहीं शृंगारिक वर्णन ऐसे मिलते हैं जो नित्यपाठ के लिए अनुपयुक्त समझकर हटा दिये गये हैं। पाठों में भी संशोधन कर आधुनिकता लाने का प्रयत्न अनेक विद्वान् बंगाली संपादकों और लेखकों द्वारा हुआ है। ऐसी दशा में बहुसंस्करणशील इस ग्रन्थ के विविध अनुवादों में भी अंतर मिलना असंभव नहीं। यह अन्तर स्वर्गीय बाबू कालीप्रसन्नसिंह जी और श्री पं० नन्दकुमार जी के अनुवादों को मिलाने पर भी देखने को मिल सकता है, जिनमें प्रथम अधिक स्वतंत्र और द्वितीय अधिक प्रामाणिक है।

मेरा अपना विचार है कि अनुवाद-कार्य में और विशेषकर पद्यानुवाद में शब्दशः अनुवाद करने का प्रयत्न अधिक रोचक और उपयुक्त नहीं होता। भाव और वर्णन के सौन्दर्य को अक्षुण्ण बनाने के हेतु अनुवादक अनुवाद्य ग्रन्थ की शब्दावली और वाक्यविधान के पीछे नहीं पड़ता; फिर भी उसका यह पुनीत कर्त्तव्य हो जाता है कि कोई भी भाव, जहाँ तक हो सके, छूटने न पावे। भावों को छन्द और अलंकार की शैली का बन्धन ही काफ़ी कठिन है, फिर यदि उसके मार्ग की लीकों को शब्द और वाक्य-रचना भी निर्देशित करने लगेंगे, तब तो फिर गाड़ी लीक-लीक ही चलेगी और उसमें भाव-सौन्दर्य का निर्वाह बड़ा कठिन हो जायगा। परन्तु, कभी-कभी ऐसा भी होता है कि अनुवादक इतनी स्वतंत्रता ग्रहण कर लेता है कि जो भाव और प्रसंग मूल ग्रन्थ में नहीं हैं उनकी भी संयोजना कर देता है। जो प्रसंग उसे अधिक रुचिकर लगता है, उसे वह बहुत विस्तार दे देता है और जो कम रुचता है उसे अति संक्षिप्त कर देता है, यहाँ तक कि कभी-कभी छोड़ भी देता है। अनुवाद के नाम पर इस प्रकार के भी प्रयत्न देखने को मिलते हैं। ऐसे कार्य कहाँ तक अनुवाद कहे जा सकते हैं, यह एक प्रश्न है ?

इस संबंध में प्रस्तुत अनुवाद-कार्य, जो श्री नन्दकुमारजी द्वारा संपन्न हुआ है, एक अधिक संयत प्रयत्न है। इसमें मूल से अधिक कोई प्रसंग जोड़े न गये, साथ ही यह भी ध्यान रखा गया है कि मूल में प्राप्त भाव और प्रसंगों में-से कोई छूटने न पायें। प्रस्तुत अनुवाद और स्व० कालीप्रसन्न सिंह जी के अनुवाद को मिलाने पर ऐसा लगता है कि सिंह जी के संस्करण में अनुवादक ने कृत्तिवास द्वारा वर्णित वृत्तान्तों में ही अपने को सीमित न रखकर अन्य आधारभूत ग्रन्थों में प्राप्त विवरणों को अपने अनुवाद में बढ़ा दिया है। इस समय प्राप्त और प्रामाणिक माने जानेवाले जो संस्करण हैं उनसे मिलाने पर ऐसा लगता है कि भाव, वर्णन, प्रसंग, क्रम आदि सभी क्षेत्रों में स्व० कालीप्रसन्नजी के अनुवाद में स्वच्छन्दता ग्रहण की गई है और अनुवाद से अधिक स्वतंत्र ग्रन्थ जैसा लगने लगता है। पर यह बात प्रस्तुत अवस्थीजी के अनुवाद के संबंध में नहीं कही जा सकती।

कृत्तिवास की रामायण वाल्मीकीय रामायण का अनुवादमात्र नहीं है और न पूर्णतया उसको आधार बनाकर ही यह लिखी गई है। रामचरितमानस के समान ही विविध संस्कृतग्रन्थों का यथाप्रसंग आधार ग्रहण किया गया है। इस प्रकार कृत्तिवास के स्रोत-ग्रन्थों में रामायण, श्री मद्भागवत, मूल रामायण, अद्भुत रामायण, अध्यात्म रामायण, मार्कण्डेयपुराण, कालिकापुराण तथा अन्य पुराण और उपपुराण ग्रन्थ हैं जिनका यथास्थान उपयोग कवीश्वर ने किया है। इन समस्त आधारों से आख्यानों की भूमिका देकर रामकथा का स्वरूप कृत्तिवास ने खड़ा किया है। इस प्रकार पौराणिक प्रभाव इस रामायण पर काफी मात्रा में परिलक्षित होता है।

प्रस्तुत कृत्तिवासीय रामायण का अनुवाद, अनुवाद की सीमाओं और मर्यादाओं का पालन करते हुए किया गया है और प्रायः मूल के अनुरूप ही है। अनेक स्थानों पर वर्णन बड़े रोचक और प्रवाहपूर्ण हैं। उदाहरणार्थ एक चित्रण यहाँ पर दिया जा रहा है जिसका सरस प्रवाह मूल से भी अधिक मधुर और रमणीय है। विश्वामित्र के उपवन का प्रकृतिचित्रण तथा कुमार 'रोहित' का निश्शंक और सरल बाल-स्वरूप देखिये:—

गेंदा गुलदावदी सुहावन। गुलमेंहदी गुलाब मनभावन॥
बेला बकुलकुसुम चहुँ फूला। हरसिंगार कुँवर मन झूला॥
शेफालिका मुकेसर प्यारी। चम्पा जवा विरंजित क्यारी॥
पारिजात किंशुक कहुँ तोरै। कहुँ वल्लरी सुमन झकझोरै॥
कहुँ मल्लिका जुही मदभीनी। कलिका कछुक कुँवर चुनि लीनी॥

प्रस्तुत ग्रन्थ में कहीं-कहीं ढूँढ़ने पर ही नगण्य संक्षेप और विस्तार देखने को मिल सकते हैं। सर्ग, काण्ड और छन्दों आदि का प्रयोग भी मूल कृत्तिवासीय रामायण के अनुसरण पर ही इसमें किया गया है। प्रस्तुत मूल में काण्डों का विभाजन, प्रसंगों के संकेत और कहीं-कहीं शीर्षक आदि दिये हैं। ठीक वही परिपाटी प्रस्तुत हिन्दी-अनुवाद में भी अपनायी गयी है। और इस प्रकार कृत्तिवास द्वारा

प्रयुक्त बँगला के पयार, त्रिपदी, लाचाड़ी आदि के लिए इस अनुवाद में दोहा, चौपाई, चवपैया आदि छन्दों का प्रयोग किया गया है। मूल के अनुरूप ही अनुवाद में भी विविध छन्दों के जाल से मुक्त रहने का प्रयत्न किया गया है। इससे कथा का वर्णन प्रवाहपूर्ण और सरस हो उठा है।

अनुवाद की भाषा रामचरितमानस के अनुकरण पर अवधी ही रखी गई है। अवधी में संस्कृत के शब्दों का समावेश है और आवश्यकतानुसार ग्रामीण बोलचाल के शब्दों को भी अपनाया गया है। भाषा की इस नीति के कारण जहाँ एक ओर अनुवाद सरल और सुबोध हो गया है, वहाँ कहीं-कहीं ग्राम्य शब्द अलग भी जान पड़ने लगे हैं। मैं समझता हूँ कि इस प्रकार की त्रुटियों का मार्जन आगामी अन्य संस्करणों में कर दिया जायेगा।

प्रस्तुत अनुवाद की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें केवल हिन्दी-अनुवाद मात्र ही नहीं है, वरन् अनुवाद की पंक्तियों के साथ-साथ अनुवाद्य ग्रन्थ की मूल पंक्तियाँ भी दे दी गई हैं। मेरी समझ में किसी भी महत्वपूर्ण कृति के अनुवाद में यह पद्धति बड़ी रोचक और उपयोगी है। यह पद्धति विशेष रूप से उन लोगों के लिए संतोषकारी है जो दोनो ही भाषाओं को जानते हैं। बँगला मूल देवनागरी में सरलता पूर्वक दिया जा सकता है। जहाँ तक मुझे ध्यान है इस प्रकार मूल के साथ इस ग्रन्थ के अनुवाद का यह प्रथम सराहनीय प्रयास है और इसके लिए लेखक बधाई का पात्र है। उसका परिश्रम श्लाघनीय है।

इसमें कोई सन्देह नहीं कि अनुवादक का यह प्रयत्न उसकी निष्ठा, लगन, दृढ़ता और परिश्रम का परिणाम है। यह जानता हूँ कि श्री नन्दकुमारजी अवस्थी साहित्यिक अभिरुचि के व्यक्ति हैं और उनका प्रधान ध्येय साहित्य और राष्ट्रभाषा की सेवा का ही है, जिसके लिए उन्होंने यह बृहत् संकल्प किया है। अभी आदिकाण्ड ही प्रथम जिल्द में सामने आ रहा है; परन्तु द्वितीय खंड में अधिक काण्ड आयेंगे और इस प्रकार जहाँ तक मेरी सूचना है, कृत्तिवासी रामायण का सम्पूर्ण प्रामाणिक अनुवाद पहली बार ही हिंदी में उपलब्ध होगा। अवस्थीजी के अनुवाद लगभग तैयार हैं, केवल मुद्रण की प्रतीक्षा है। मुझे विश्वास है कि वे सभी शीघ्र ही प्रकाशित होंगे। साथ ही यह मेरी दृढ़ आशा भी है कि वे आगे भी इस प्रकार के साहित्य प्रकाशन के कार्यों द्वारा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता को दृढ़ करने का कार्य करते रहेंगे।

भगीरथ मिश्र
रीडर हिन्दी-विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय

१० जून, १९५९ ई०

विषय-सूची

विषय-सूची

आवरण-चित्र परिचय

(ऐरावत-दर्प-चूर्ण—पृष्ठ ७०)

दिलीपनन्दन भगीरथ की अतुल तपस्या के फलस्वरूप पुण्यसलिला गंगाभागीरथी ब्रह्मलोक से चलकर कुमार भगीरथ की अनुगामिनी होते हुए अकस्मात् धतूरे के फूल के सदृश सुमेरु पर्वत के एक विकट गह्वर में फँसकर बारह वर्ष तक भटकती रहीं।

अपने पूर्वजों (सगर-वंश) के उद्धार के लिए आकुल और आतुर भगीरथ की विनती पर गंगा ने पन्थ-अवरोध की विवशता बताते हुए, ऐरावत को लाकर पर्वत के गह्वर को भेदकर मार्ग निकालने के सुझाव को रखा।

भगीरथ ने इन्द्र से आज्ञा ले, ऐरावत से, विशाल दन्तों द्वारा पर्वत-भेदन की प्रार्थना की। गर्व के वशीभूत मदांध ऐरावत ने अपने पास गंगा के एक रात्रि निवास करने की शर्त पर कार्य स्वीकार किया।

हताश भगीरथ के लौटने पर गजेन्द्र का निन्दनीय प्रस्ताव जानकर, भागीरथी ने एक रात्रि छोड़ सात रात्रि ऐरावत के समीप रहना स्वीकार किया, यदि वह गंगा के वेग में अपने को स्थिर रख सके।

झूमते हुए मत्त दन्तीपति ने सुमेरु गह्वर में विकराल दन्तप्रहार से चार स्थानों पर छिद्र किये, जिनसे वसु, भद्रा, श्वेता और अलकनन्दा नाम से चार धाराएँ बह चलीं। धरागामिनी धारा के प्रचण्ड प्रवाह में मदांध ऐरावत का विशाल शरीर डूबने-उतराने लगा। नेत्र, मुख और सूँड़ में जल भर गया। मन की हीन भावना को त्याग, 'त्राहिमाम्' कहते हुए गंगामाता के चरणों में गिरकर ऐरावत ने निस्तार पाया और भाग खड़ा हुआ।

गंगा की महिमा से मुग्ध भगीरथ, पुनः शंखघोष करते हुए, माता मदाकिनी सहित, कैलाश की ओर चले।

शुद्धि-पत्र

पाठकों से सानुरोध निवेदन है कि पुस्तक हाथ में लेते ही सर्वप्रथम अशुद्धियों को लेखनी से सुधार लें ताकि पाठ विरस न हो:—

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१६	१६	रघुत्तमम्	रघूत्तमम्
२३	६	तबहु	तबहुँ
२५	३	तव	तब
३७	१३	सहर्षि	सहर्ष
४१	७	देखौ	देखौं
८३	५	बसन दिक	बसनादिक
८७	६	अश्वभेध	अश्वमेध
८७	१२	अनँद	आनँद
११५	१	टानी	ठानी
११७	६	वर्षृा	बर्षा
१२७	२	निस्तार[3]	निस्तार[1]
१२७	३	अवधदुलार	अवधदुलार[3]
१३४	१२	पयत	पियत
१३६	११	सबरन	सुबरन
१३७	६	नर्भदा	नर्मदा
१४१	२५	३ हाथों में	४ हाथों में
१४१	२५	४ दाढ़ी-मूछ।	५ दाढ़ी-मूछ।
१४३	८	जाइ	जोइ
१४३	२५	नर्धन	निर्धन
१४८	४	चक्रवान	चकवान
१५०	८	अनल	अनल[4]
१६५	३	त्र स	त्रास
१७५	८	सवारी	सँवारी
१८०	११	अर्ध्य	अर्घ्य
१६०	४	ıकम	किमि
२००	११	अनाहर	अनाहार
२०३	१२	बिचारे	बिचारे
२११	१	हकारा	हुंकारा
२१३	१२	हात	होत
२२०	१	मुनिराइ	मुनिराई
२२०	३	जाही	जाहीं

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

कृत्तिवास रामायण

(हिन्दी पद्यानुवाद, बँगला मूल सहित)

मङ्गलाचरण

श्लोक—यं ब्रह्मा वरुणेन्द्र रुद्र मरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-
वेदैः सांग पदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः ।
ध्यानावस्थित तद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः ॥१॥
सर्व मङ्गल माङ्गल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके ।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते ॥२॥
शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे ।
सर्वस्यार्ति हरे देवि नारायणि नमोस्तुते ॥३॥
कृष्ण कृष्ण कृपालुत्वमगतीनाम् गति प्रभो ।
संसारार्णव मग्नानां प्रसीद पुरुषोत्तम ॥४॥

(ग्रंथ परिचय)

दोहा—विघ्नविनाशन गजवदन, रिद्धि-सिद्धि की खानि ।
मंगलवाणी भारती, जय भगवती भवानि ॥ १ ॥
रामचरित अमृत-सलिल, पाप नसावन हार ।
वाल्मीकि मुनि आदिकवि, कीन्हो जग विस्तार ॥ २ ॥

विविध भाव भाषा भरे, धर्म अर्थ अरु काम।
मुक्ति नीति अरु प्रीति के, अनुपम छन्द ललाम ॥ ३ ॥
सोइ पुनीत विरदावली, रघुवर काव्य अनन्त।
युग-युग सों गावत रहे, मुनि मनीषि अरु सन्त ॥ ४ ॥
कालिदास वाणीवरद, अमर गिरा अवतंस।
बुधजन काव्य-विनोद हित, रचेउ ललित रघुवंस ॥ ५ ॥
देवनागरी-वाटिका, मानस - पुहुप विकास।
सुरभित भारत भूमि चहुँ, धनि धनि तुलसीदास ॥ ६ ॥
सजल स्यामला बंग की, उर्वर भूमि पुनीत।
जहँ चैतन्य-रवीन्द्र सम, जन्मे जन-नवनीत ॥ ७ ॥
भक्ति-काव्य के स्रोत जहँ, प्रगटे चण्डीदास।
तहाँ सरस धारा वही, 'रामायण कृतिवास' ॥ ८ ॥
कोकिल-कूजित सुधामय, अनुपम काव्य सुवास।
रचेउ, धन्य! तुम धन्य मुनि! महासन्त कृतिवास ॥ ६ ॥
भारतीय भाषा - प्रमुख, सकल रसन की खानि।
देवनागरी माहिं सोइ, रचहुँ जोरि जुग पानि ॥१०॥
भाव रहित, भाषा विरस, कतहुँ न काव्य प्रवीन।
इत-उत के सत्संग सों विवस, प्रेरना लीन ॥११॥
कान्यकुब्ज-द्विज-गगन विच, अपर प्रभाकर भास।
जनमि, 'प्रभाकर' प्रवर किय, कुल-उपमन्यु प्रकास ॥१२॥
विदित 'अवस्थी' आस्पद, बीते बरहीं साख।
विक्रम चौंसठ, शत-उनिस, पाँच कृष्ण वैशाख ॥१३॥
रानीकटरा-लखनऊ, संज्ञा 'नन्द कुमार'।
तनय-दयाशंकर, जनम, मम परिचय विस्तार ॥१४॥
निर्गुण-सगुण अनन्त छवि, जड़-जङ्गम जगरूप।
वन्दि सकल, रचना करहुँ, 'कृत्तिवास'-अनुरूप ॥१५॥
जतन भगीरथ, अल्प बल, तवौं लगी यह साध।
गुनी-सन्त-सज्जन सकल, छमहिं मोर अपराध ॥१६॥

आदि काण्ड

(हिन्दी पद्यानुवाद)

नारायण चार अंश जन्म प्रकाश

सुखद सकल लोकन अति पावन * धेनु-लोक वैकुण्ठ सुहावन
विटप कल्पतरु अचरज नयना * मन-वाञ्छित अनन्त फल दयना
चन्द्र-सूर्य जहँ सतत[1] प्रकासा * भुवन दिव्य जगदीश निवासा
नेतपाट[2] युत सुभग सिंहासन * नारायण विराज वीरासन
एक अंस प्रभु अस मन लाई * चारि अंस प्रगटैं रघुराई
राम भरत लक्ष्मण रिपुसूदन * यहि विधि चतुर्मूर्ति मधुसूदन

(बँगला मूल)

श्लोक—रामं लक्ष्मणपूर्वजं रघुवरं सीतापतिं सुन्दरं ।
काकुत्स्थं करुणामयं गुणनिधिं विप्रप्रियं धार्मिकम् ।।
राजेन्द्रं सत्यसन्धं दशरथतनयं श्यामलं शान्तिमूर्त्तिम् ।
वन्दे लोकाभिरामं रघुकुलतिलकं राघवं रावणारिम् ।।
दक्षिणे लक्ष्मणोधन्वी वामतो जानकी शुभा ।
पुरतो मारुतिर्यस्य तं नमामि रघुत्तमम् ।।
रामाय रामचन्द्राय रामभद्राय वेधसे ।
रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ।।

नारायणेर चारि अंशे जन्म प्रकाश

गोलोक वैकुण्ठपुरी सबार उपर * लक्ष्मीसह तथाय आछेन गदाधर
तथाय अद्भुत वृक्ष देखिते सुचारु * जाहा चाइ ताहा पाइ नाम कल्पतरु
दिवानिशि तथा चंद्र सूर्य्यर प्रकाश * तार तले आछे दिव्य विचित्र आवास
नेतपाट सिंहासन उपरेते तुली * वीरासने बसिया आछेन वनमाली
मने मने प्रभुर हइल अभिलाष * एक अंश चारि अंश हइते प्रकाश
श्रीराम भरत आर शत्रुघ्न लक्ष्मण * एक अंशे चारि अंश हैला नारायण

१ निरन्तर । २ प्राचीन वस्त्र, अलौकिक ।

रमा रूप सीता अभिरामा * कर जोरे कपि करहिं प्रनामा
चँवर भरत सत्रुघ्न डुलावत * कनक छत्र सौमित्रहिं भावत
यहि छवि प्रभु वैकुण्ठ विराजा * पहुँचे तहँ नारद मुनिराजा
भक्ति सने श्रीहरि-गुण गावत * वीणा मंजुल तार बजावत
पंचायतन सरूप निहारी * सिथिल गात मोचत दृग वारी
चकित रूप अद्भुत नव हेरी * नारद डगर[1] लीन शिव केरी
त्रिकालज्ञ शिव अन्तर्यामी * हरिहैं सकल कुतूहल स्वामी
पंथ प्रथम भेंटे चतुरानन * लखि विरंचि हुलसे मुनिपावन
तिन सन करि सब कथा प्रकासा * लै विधि चले शिखर कैलासा
उमा सहित सोहत जहँ शंकर * बन्देउ तिन्हैं सहित विधि मुनिवर

कस विरंचि ? कस तपोधन ? मुनि अस पुलकित गात ।
हरषि शंभु पूछेउ कवन हेतु आगमन तात ॥१॥

सुनि ब्रह्मा मृदु गिरा उचारी * सुनहु कुतूहल अति त्रिपुरारी
परमधाम गोलोक सुहावन * परमेश्वर त्रिभुवनपति पावन

लक्ष्मीमूर्ति सीतादेवी वसेछेन वामे * स्वर्णछत्र धरेछेन लक्ष्मण श्रीरामे
चामर ढुलाय ताँरे भरत शत्रुघ्न * जोड़ हाते स्तव करे पवन-नन्दन
एइरूपे वैकुण्ठे आछेन गदाधर * हेनकाले चलिला नारद मुनिवर
वीणा यंत्र हाते करि हरिगुण गान * उत्तरेल गिया मुनि प्रभु विद्यमान
रूप देखि विह्वल नारद चान धीरे * वसन तितिल तार नयनेर नीरे
हेनरूप केन धरिलेन नारायण * इहा जिज्ञासिव गिया यथा पंचानन
भावी भूत वर्त्तमान शिव भाल जाने * ए कथा कहिव गिया महेशेर स्थाने
एतेक भाविया यात्रा करे मुनिवर * उत्तरिला प्रथमेते ब्रह्मार गोचर
विधातारे लये आन कैलास शिखरे * शिव के बन्दिया परे बन्दिल दुर्गारे
निरखिया दुइजने तुष्ट महेश्वर * जिज्ञासा करेन तवे ताँदेर गोचर
कह ब्रह्मा कह हे नारद तपोधन * दोंहे आनन्दित अद्य देखि कि कारण
बलेन विरिञ्चि शुन देव भोलानाथ * देखिलाम गोलोके अपूर्व जगन्नाथ

---

१ रास्ता ।

तिनकर चारि अंश कर रूपा * नव प्रगटेउ कस आज अनूपा
विधि[1] सन सुनि सब कहेउ त्रिलोचन * लखेउ जु छवि, तुम पाप विमोचन
गये बरस सो साठि हजारा * सोइ सरूप, प्रभु लै अवतारा
निसिचर नाह प्रचण्ड दशानन * तेहि विनासि भुवि-भार उतारन
अवधपुरी अति रम्य विशाला * सूर्यवंश दशरथ महिपाला
तिन कहँ तीनि नारि छवि-अयनी * तिन सुभघरी सुमङ्गल-दयिनी
चारि अंश प्रगटहिं मधुसूदन * राम भरत लछिमन रिपुसूदन
राम, सत्यपितु पालन हेतू * गवनहिं वन सिय-लखन समेतू
सियहिं उधारि[2] वधहिं खल रावन * सीतासुत लव-कुश मनभावन
गोवध आदि अधम जे पापा * राम नाम मेटै संतापा
राम नाम भवसागर तारन * मुक्तिदेन पातकी उवारन
हँसि विधि कही सुनहु वृषकेतू[3] * अवनि[4] कहहु अस को अघहेतू
करहु प्रतीति,[6] शंभु कह वानी * भूतल[7] एक अधम अज्ञानी

देखिलाम पूर्व्वेते केवल नारायण * चारि अंश देखि एवे किसेर कारण
ब्रह्मा वाक्य शुनिया कहेन कृत्तिवास * सेइरूप इहकाले हइबे प्रकाश
ये रूपे आछेन हरि गोलोक भितर * जन्म निते आछे षाटि सहस्र वत्सर
रावण राक्षस हबे पृथिवीमण्डले * ताहाके वधिते जन्म लबेन भूतले
दशरथ घरे जन्मिबेन चारिजन * श्रीराम लक्ष्मण आर भरत शत्रुघ्न
एक अंश नारायण चारि अंश ह'ये * तिन गर्भे जन्मिबेन शुभक्षण पेये
जानकीसहित राम लइया लक्ष्मण * पितृसत्य पालनार्थे जाइबेन वन
सीता उद्धारिबे राम मारिया रावण * लवकुश नामे हबे सीतार नन्दन
मनुष्य गोहत्या आदि जत पाप करे * एक बार रामनामे सर्व्व पापे तरे
महापापी ह'ये यदि राम नाम लय * संसार समुद्रे तार मुक्ति लाभ हय
हासिया बलेन ब्रह्मा शुन त्रिलोचन * पृथिवीते हेन पापी आछे कोन जन
धूर्ज्जटि बलेन मम वाक्ये देह मन * मध्यपथे महापापी आछे एक जन

१ ब्रह्मा । २ उद्धार करके । ३ शंकर । ४ पृथ्वी । ५ पाप का रूप । ६ विश्वास । ७ पृथ्वी पर ।

राममंत्र तेहि दीजिय जाई * तासु प्रभाव मुक्ति जग पाई
को अस नर ? सोचन लगे, विधि नारद धरि ध्यान ।
'रत्नाकर' मुनि च्यवन-सुत, है पातकी महान ॥२॥
लूटै बधै पथिक बनचारी * दस्युवृत्ति, रुचि पापाचारी
मुनि-विधि[1] चले संत के भेखा * विटप चढ़े रत्नाकर देखा
पथिक घात ताकै मग ओरा * विफल आजु दिन बीतेउ मोरा
हरषेउ निरखि पाप अनुगामी * लूटौं बसन, हतौं दोउ स्वामी
लौहदण्ड लै सो तेहि मारा * तासु विफल विधि कीन्ह प्रहारा
मायावस, कर अस्त्र न उठई * सठ कौतुक मन चिंतन करई
पूँछेउ सहित सनेह विधाता * को तुम कवन प्रयोजन ताता
लूटहुँ बसन हरहुँ तव प्राना * मम नितनेम न तुम अनुमाना
मम वध किये कतक धन पावै * कवन लोभ नित पाप कमावै
सौ रिपु हने जु पातक अहही * एक धेनु-वध सोइ नर लहही

तारे गिया रामनाम देह एक बार * तबे से नितान्त मुक्त हइबे संसार
विधाता नारद ताँरा भावेन दुजन * पृथिवीते महापापी आछे से केमन
च्यवन मुनिर पुत्र नाम रत्नाकर * दस्युवृत्ति करे सेइ बनेर भितर
विरिञ्चि नारद दोंहे संन्यासी हइया * रत्नाकर काछे दोंहे मिलिल आसिया
विधातार माया हैल रत्नाकर प्रति * सेइ दिन सेइ पथे कारो नाहि गति
उच्चवृक्षे चड़िया से चतुर्दिके चाय * ब्रह्मा नारदेरे पथे देखिबारे पाय
भावे मुनि रत्नाकर लुकाइया बने * संन्यासी मारिया वस्त्र लइब एक्षणे
विधाता नारदे लये जान सेइ पथे * लोहार मुद्गर तोले ब्रह्मारे बधिते
ब्रह्मार मायाते तार मुद्गर ना चले * मायाते मुद्गर बद्ध तार करतले
ना पारे मारिते दस्यु भावे मने मन * ब्रह्मा जिज्ञासेन बापू तुमि कोन जन
रत्नाकर बले तुमि ना चिन आमारे * लइब तोमार वस्त्र मारिया तोमारे
ब्रह्मा बले मारि मोरे कत पाबे धन * करियाछ जत पाप कहिब एखन
शत शत्रु मारिले जतेक पाप हय * एक गो बधिले तत पापेर उदय

---

१ नारद और ब्रह्मा ।

सुनु सठ शत गोवधहिं समाना * लिये एक अबला कर प्राना
शत नारी सम विप्र-विनासा * टारे टरहि न सो अघ-त्रासा[1]
एक ब्रह्मचारी बध करई * शत द्विज हनै, न अन्तर परई
एते पाप बरन बहुरासी * अगनित पाप बधे संन्यासी
विचरैं जहाँ संत बनवासी * चारि कोस महि सो जनु कासी
सुनि सब सीख तबहु मन भावै * तौ पातक मनमौजि कमावै

छद्मभेस विधि-बैन सुनि, जड़ कीन्हेउ परिहास ।
तुम सम केतक सन्त मुनि, नित उठि करौं विनास ।।३।।

कह मुनि, यदि मम-बध तव प्रीती * मारहु अवनि विलोकि पुनीती[2]
पिपीलिका[3] जहँ कीट-पतंगा * जुरैं न लोभ सुगंध-प्रसङ्गा
गदा घात मम गात निपाता * कुचिलैं कीट कवन सिर घाता
हे हतबुद्धि कुफल इन केरे * भागीदार कौन अघ तेरे
लूट-पाट क्रय-विक्रय जेता * कहेउ दस्यु पुनि दर्प समेता
विलसहिं मातु-पिता अरु गृहनी * भागीदार सकल मम करनी
कह विरञ्चि तव मति बौरानी * ते तव पाप-युक्त ! कस जानी ?

एक शत धेनु वध जेइ जन करे * तत पाप हय जदि एक नारी मारे
एक शत नारी हत्या करे जेइ जन * तत पाप हय एक मारिले ब्राह्मण
एक शत ब्रह्म वधे जत पाप हय * एक ब्रह्मचारी वधे तत पापोदय
ब्रह्मचारी मारिले पातक हय राशि * संख्यानाई कत पाप मारिले संन्यासी
जेइ पथ दिया गति करेन संन्यासी * आड़ेदीर्घे चारिक्रोश सम पुरीकाशी
से पाप करिते जदि थाके तव मन * करह ए पाप सब कहिनु एखन
शुनिया कहेन दस्यु रत्नाकर हासि * मारियाछि तोमाहेन कोक संन्यासी
ब्रह्मा वलिलेन जदि ना छाड़िबे मोरे * भाल स्थल देखिया हे वधह आमारे
जथा कीट पतङ्गादि पिपिलिकागन्धे * लोभे ना आइसे मृत खाइते आनन्दे
मारिबे दण्डेर वाड़ि पड़िब भूमिते * पिपीलिका मरिबेक आमार चापेते
ब्रह्मा वलिलेन पाप कर कार लागि * तोमार ए पातकेर केबा हबे भागी

---

१ पाप का दुःखमय भोग । २ पवित्र । ३ चीटी ।

पातक, तव पुरुपार्थ विशेपा * करै-भरै सो जग यहु लेखा
नहिं प्रतीति तौ जाहु निकेतू * जो परिजन साक्षी तव हेतू
तौ पुनि लौटि करहु बध मोरा * तरु ढिंग बैठि, लखहुँ मग तोरा
भाई जुगुति,[1] दस्यु मन चिन्तय * रहै कि भागि जाय मुनि, संसय
दै भरोस तेहिं पठयि विधाता * लावहु मत पत्नी-पितु-माता
कछु पग बढ़ै, लखै पुनि तरुतर * करत जहाँ विश्राम संतवर
प्रथम जाय पितु सन रत्नाकर * कहा, सुनहु मम विनय गुनागर
हरहुँ द्रव्य नित करि नरघाता * सेवहुँ सकल स्वपरिजन ताता
यहि विधि सुत के जे अपकर्मा * भागीदार अहौ, पितु धर्मा

जनक छोभ, सुनि सुत बयन, बोले जड़ मतिहीन !
पुत्र-पाप पितु लहै, अस, शास्त्र-मंत्र को दीन ॥४॥

रत्नाकर बले जत ल'ये जाइ धन * मातापिता पत्नी आमि खाइ चारिजन
जिज्ञासा करिया तुमि आइस निश्चय * तोमार पापेर भागी तारा जदि हय
जेवा किछु बेचि किनि खाइ चारिजने * आमार पापेर भागी सकले ए क्षणे
शुनिया हासिया ब्रह्मा कहिलेन तबे * तोमार पापेर भागी तारा केन हबे
करियाछ जत पाप आपनार काय * आपनि करिले पाप आपनार दाय
नितान्त आमारे वध कर तबे तुमि * एइ वृक्ष तलेते बसिया थाकि आमि
हरिष विषादे दस्यु लागिल भाषिते * बुझिलाम एइ युक्ति कर पलाइते
ब्रह्मा बले सत्यकरि ना पालाब आमि * माता पिता दारा सुते पुछे एस तुमि
अतःपर जाय दस्यु फिरिफिरि चाय * भावे बुझि भांडाइया संन्यासी पलाय
प्रथमे पितार काछे करे निवेदन * आदिकाण्ड गान कृत्तिवास विचक्षण

रामनामे रत्नाकरेर पापक्षय

मनुष्य मारिया आमि जत धन आनि * आमार पापेर भागी हओ किना तुमि
पुत्रेर बचन शुनि कहिछे च्यवन * हेन कथा तोमाय बलिल कोन जन
कोन शास्त्रे शुनियाछ के कहे तोमारे * पुत्र-कृत पाप केन लागिबे पितारे

१ युक्ति ।

पिता सुवन कहुँ सुत पितु-रूपा * जगत-चक्र यहि भाँति अनूपा
तव शिशुकाल कठिन श्रम धारी * पोषण किय पितु-धर्म विचारी
अनुचित-उचित जु मैं तव कीन्हा * ताकर कुफल न तो कहँ दीन्हा
जरठ भयउँ, शिशु-सम असमर्था * सब विधि अब तैं युवक समर्था
पितु समान पालन करु मोरा * जनक रूप तैं, मैं शिशु तोरा
सो पालन मिस, करु नित हिंसा * कस अपराध मोर अवतंसा
सुनत जनक[1] कर यह खर[2] बान * सीस नवाय दुखित अज्ञानी
अति विनम्र बरनेउ ढिग-जननी * पापमयी निज दैनिक करनी[3]
बाँटहु मातु मोर कछु पापा * नतरु मिटै किमि मम संतापा
सहेउँ कलेस गर्भ दस मासा * मम पोषन तव धर्म प्रकासा
सोइ पालन तैं कृत पसुवेसू * तव पातक मोहिं किमि लवलेसू[4]
लोचन लचे दस्यु मन पीरा * साहस जोरि गयौ तिय[5] तीरा
हिंसा-वृति मम नित्य कमाई * बिलसहु सुमुखि सकल सुख पाई

अज्ञान बालक तोरे कि कहिब कथा * कभु पिता पुत्र हय पुत्र हय पिता
जखन बालक छिले पिता छिनु आमि * एखन बालक आमि पिता हैले तुमि
जखन बालक छिले ना छिल यौवन * बहुदुःख करि तोमाय करेछि पालन
जत करियाछि पाप आपनि संसारे * से सब पापेर भाग ना लागे तोमारे
एबे पिता हइयाछ पुत्रतुल्य आमि * कोनरूपे आमारे पुषिबे नित्य तुमि
मनुष्य मारिते तोमा बले कोन जन * तोमार पापेर भागी हब कि कारण
शुनिया बापेर कथा हेंट माथा करे * काँदिते काँदिते कहे मायेर गोचरे
सत्य करि आमारे गो कहिबे जननी * आमार पापेर भागी हबे कि आपनि
जननी कहिछे क्रुद्धा हइया अपार * एक दिवसेर धार के शोधे आमार
दश मास गर्भे धरि पुषेछि तोमाय * तब कत पाप पुत्र ना लागे अमाय
शुनिया मायेर वाक्य माथा हेंट कैल * पत्नीर निकटे गिया सकल कहिल
जिज्ञासि तोमारे प्रिये सत्य करि कओ * आमार पापेर भागी हओ किनाहओ

---

१ पिता । २ खरी, कटु-सत्य । ३ नित्य कर्म । ४ तनिक भी लगाव । ५ पत्नी ।

तौ पुनि पाप बटावहु मोरे * सुनि तिय विनय कीन्ह कर जोरे
जेहि सुभ घड़ी गहेउ मम हाथा * मम पालन माथे तव नाथा
पोषन-भरन हेत नरघाता * केहि आदेश करहु नित ताता
पाप-पुन्य सुख-दुख सहौं, आजीवन पति संग।
पालन हित पातक करहु, लगहि न मोरे अंग ॥५॥
धीरज छूट विकल रत्नाकर * किमि अब तरहुँ विषम भवसागर
नरघाती पातकी अपावन * अहह वृथा बीतेउ मम जीवन
मुद्गर-लौह हन्यो सिर माहीं * गिरेउ अचेत च्यवनसुत ताहीं
चलेउ सँभरि पुनि दृग भरि आँसू * विटप तरे जहँ मुनिन निवासू
करि दण्डवत जोरि जुग पानी * करहु सनाथ दास निज जानी
पूछेउँ सबन तीय-पितु-माता * कोउ न अंस-अघ[1] लेइ विधाता
दिव्य ज्ञान जो मुनि सों पावौं * सफल जनम करि, पाप नसावौं
सर[2] नहाइ करि अंग पुनीता * आवहु अस विधि कही सप्रीता

शुनिया स्वामीर वाक्य कहिछे रमणि * निवेदन करि प्रभु शुन गुणमणि
विधाता करिछे मोरे अर्द्धाङ्गेर भागी * अन्य पाप निते पारि ए पाप तेयागि
जखन करिले तुमि आमारे ग्रहण * सर्वदा करिबे मम रक्षण पोषण
आर जत पाप पुण्य भाग लागे मोरे * पोषणार्थे पापभाग ना लागे आमारे
मनुष्य मारिते केवा बलिल तोमाय * एइमात्र जानि आमि पालिबे आमाय
शुनिया भार्यार कथा रत्नाकर डरे * केमने तरिब आमि ए पाप सागरे
डुबिनू पापेते आमि कि हइबे गति * काँदिते लागिलदस्यु स्मरियादुष्कृति
लोहार मुद्गर निज माथाय मारिया * पड़िल भूमेते तबे अचेतन हैया
उठिया मुनिर पुत्र भाविल अन्तरे * सेइ महाजन यदि मोरे कृपा करे
एइ भाबि उभयेर निकटेते गिया * कहिल ब्रह्मार पाय दण्डवत् हैया
एके-एके जिज्ञासिनु आमि सबाकारे * मम पापभागी केह नाहिक संसारे
आपनि करिया कृपा दिले दिव्यज्ञान * ए सकल पापे किसे हव परित्राण
कहिलेन पितामह मुनिर कुमारे * करिया आइस स्नान तुमि सरोवरे

१ पाप में साझा । २ सरोवर ।

रत्नाकर सरवर ढिंग गयेऊ * जलचर विकल, शुष्क जल भयेऊ
अगम सलिल नित, सो जलहीना * अधम दीठि[1] मम सो कस कीना
दस्यु गलानि, मनै बहु त्रासा * बरनेउ कथा लौटि विधि पासा
बीतेउ पाप, च्यवनसुत तारन * नारद सों मत करि चतुरानन
नीर कमण्डल ते सिर डारी * महामंत्र मुनि देन विचारी
ब्रह्मा निकट आइ तेहि काना * 'राम' नाम कर दिय वरदाना
करत पाप नित, जड़ भइ रसना * 'राम नाम' निकसत तेहि मुख ना
लखि कौतुक विरञ्चि चितलागी * किमि कहि सकै राम हतभागी

मारत जन बीतेउ जनम, 'मरा' शब्द अनुकूल ।
तेहि पलटे सक 'राम' कह, अस सोच्यो जगमूल[2] ॥६॥

मृतकहिं कहत कौन विधि नागर[3] * 'मड़ा-मड़ा' बोलेउ रत्नाकर
'मड़ा' न कहु, जपु 'मरा' निरन्तर * होई 'राम' उदय उर-अन्तर[4]
काठ सुखान विटप[5] दिखराई * ककस[6] कहत ? पूछत मुनिराई

शुनिया चलिल दस्यु सरोवर पाड़ * शुकाइया गेल जल दृष्टिमात्र तार
शुष्क स्थले मरे मीन मकर कुम्भीर * कहिल ब्रह्मार काछे ना पाइया नीर
छिल ये अगाध जल एइ सरोवरे * मम दृष्टिमात्र गेल शुकाये अन्तरे
शुनिया कहेन ब्रह्मा सङ्गी तपोधने * हइयाछे पूर्ण पाप तरिबे केमने
कमण्डलु जल छिल दिलेन माथाय * महामन्त्र मुनि तारे करिबारे जाय
निकटे आसिया ब्रह्मा कहे तार काने * एक बार राम-नाम बल रे बदने
पापे जड़ जिह्वा राम बलिते ना पारे * कहिल आमार मुखे ओ कथा ना स्फुरे
शुनिया ब्रह्मार बड़ चिन्ता हैल मने * उच्चारिबे राम-नाम ए मुखे केमने
मकार कहिले अग्रे रा कहिले शेषे * तबे वा पापीर मुखे रामनाम आसे
ब्रह्मा बलिलेन तारे उपाय चिन्तिया * मनुष्य मरिले बापू डाक कि बलिया
शुनिया ब्रह्मार कथा बले रत्नाकर * मृत मनुष्येरे मड़ा बले सब नर
मड़ा नय मरा बलि जप अविराम * तव मुखे बाहिरिबे तबे रामनाम
शुष्क काष्ठ देखिलेन वृक्षेर उपरे * अङ्गलि ठारिया ब्रह्मा देखान ताहारे

---

१ दृष्टि, नजर । २ ब्रह्मा । ३ समझदार । ४ हृदय के भीतर । ५ सूखा वृक्ष । ६ किस प्रकार ।

करि अनुमान, जतन बहु कीना ※ 'मरा' काठ, मुनिसुत कहि लीना
'मरा-मरा' तेहिं शब्द सुहावा ※ सगुन राम मानहुँ सो पावा
पुलकित रोम, नैन स्रव नीरा ※ रटनि एक, नहिं चेत सरीरा
उलटै जापु जपत अविरामा ※ पलटि भयो सो रामै-रामा
अनल पाय जिमि भसम कपासा ※ राम नाम सब पातक नासा
राम-नाम लखि अमित प्रभावा ※ चकित विरञ्चि[1] मोद अति पावा

ब्रह्मा द्वारा रत्नाकर का वाल्मीकि नाम तथा रामायण रचने का वरदान

बोले, सुनहु तपोधन ज्ञानी ※ सदा वचन-शिव अमिट बखानी
रत्नाकर समाधि लवलीना ※ वत्सर साठि सहस जप कीना
एक नाम, इक थल, एकासन ※ अडिग जपत तन चुनेउ कीटगन
विरहित मांस अस्थि अवसेसा ※ माटी जमि जिमि पिण्ड विशेसा
कण्ट काँस कुस जमत दूह पर ※ तेहि बिच राम नाम निसिवासर
बीते साठि सहस जब वत्सर ※ कमलासन[1] हेरेउ रत्नाकर
धरती ऊँचि, जापु सुनि परही ※ मानुष-तन न विधिहिं कहुँ लखही

बहुक्षणे रत्नाकर करि अनुमान ※ बलिल अनेक कष्टे मरा काष्ठखान
मरा-मरा बलिते आइल राम नाम ※ पाइल सकल पापे दस्यु परित्राण
तुलाराशि जेमन अग्निते भस्म हय ※ एक बार राम नामे सर्व्व पाप क्षय
नामेर महिमा देखि ब्रह्मार तरास ※ आदि काण्ड गाइल पण्डित कृत्तिवास

ब्रह्मा कर्त्तृक रत्नाकरेर वाल्मीकि नाम ओ रामायण रचना करणेर वरदान

ब्रह्मा कह शुनह नारद तपोधन ※ जे कहिल मिथ्या नहे शिवेर वचन
रामनाम ब्रह्मा स्थाने पेये रत्नाकर ※ सेइ नाम जपे षाटि हाजार वत्सर
एक नाम जपे एक स्थाने एकासने ※ सर्वाङ्ग खाइल वल्मीकेर कीटगणे
मांस खाइया पिण्ड करिल सोसर ※ हइल कण्टक-कुश ताहार उपर
खाइल सकल मांस अस्थिमात्र थाके ※ वल्मीकेर मध्ये मुनि राम नाम डाके
ब्रह्मार मुहूर्त्त षाट हाजार वत्सर ※ पुनः आइलेन ब्रह्मा जथा मुनिवर
सेखाने आसिया ब्रह्मा चारिदिके चाय ※ मनुष्य नाहिक किन्तु रामनाम ह[illegible]

---

[1] ब्रह्मा ।

पिण्ड बीच मुनिसुत जपत, जानि विधाता लीन्ह ।
सात दिवस बरसैं जलद, इन्द्रहिं आयसु दीन्ह ।।७।।

अविरल[1] जल मृत्तिका[2] बहाई * शुभ्र अस्थि-तन विधि दरसाई
सुनि विधि-टेर चेतना जागी * दौरि दण्डवत किय अनुरागी
कियो मुक्त मोहिं, दै हरि नामा * पुलकित पुनि पुनि करत प्रनामा
रत्नाकर तजि नाम विधाता * वाल्मीकि[3] जग किय विख्याता
तैं सुत सात काण्ड सुखकारी * राम-रुचिर-रचना अधिकारी
राम नाम किय तोहिं अति पावन * रचहु चरित सोइ गाइ सुहावन
विद्याहीन न पिंगल-ज्ञाना * केहि विधि रचिहौं राम-पुराना
वाल्मीकि कर सविनय वानी * सुनि, प्रबोधि, बोले विधि ज्ञानी
सरस्वती तव गिरा निवासा * सहज काव्य तहँ होइ प्रकासा
जो बरनै तैं छन्द ललामा * सोइ जग जनमि, करैं श्रीरामा
दै वर, गमन कियो विधि, देशा * वाल्मीकि हिय हरष विशेषा

राम नाम शुने मात्र पिन्डेर भितर * जानिल इहार मध्ये आछे मुनिवर
आज्ञा करिलेन ब्रह्मा डाकि पुरन्दरे * सात दिन वृष्टि कर पिन्डेर उपरे
वृष्टिते गलिया गेल मृत्तिका सकल * देखिल केवल अस्थि आछे अविकल
सृष्टिकर्त्ता करिलेन ताहारे आह्वान * पाइया चैतन्य मुनि उठिया दाँड़ान
ब्रह्मारे कहिल मुनि करिया प्रणाम * मोरे मुक्त कैला तुमि दिया राम नाम
ब्रह्मा बले तव नाम रत्नाकर छिल * आजि ह'ते तव नाम वाल्मीकि हइल
वल्मीकेते छिला जेइ सेइ ए विधान * सात काण्ड कर गिया रामेर पुराण
जेइ राम नाम हैते हइला पवित्र * सेइ ग्रन्थ रच गिया रामेर चरित्र
जोड़ हाते बले मुनि ब्रह्मा विद्यमान * केमन हइबे ग्रन्थ केमन पुराण
केमन कविताछन्द आमि नाहिजानि * शुनिया विधाता ताँरे कहिछेन वाणी
सरस्वती रहिबेन तोमार जिह्वाय * हइबे कविता राशि तोमार कथाय
श्लोकछन्दे पुराण करिबे तुमि जाहा * जन्मिया श्रीरामचन्द्र करिबेन ताहा
एत बलि ब्रह्मा गेल आपन भवन * आदिकाण्ड गान कृत्तिवास विचक्षण

---

१ लगातार । २ मिट्टी । ३ वल्मीक अर्थात् दीमकों से व्याप्त मिट्टी के ढेर से निकलने के कारण ब्रह्मा ने रत्नाकर को वाल्मीकि नाम दिया ।

नारद द्वारा वाल्मीकि को रामायण की रचना का आभास देना

वाल्मीकि एकदा विटप तर * जपत राम, तहँ सुखद सरोवर
एक क्रौञ्च पच्छिन की जोरी * बिलसति जहाँ निपट मदभोरी
व्याध-बान-हत खग निस्संका * आकुल गिरा धरनि, मुनि अंका
'अहह राम !' मुनि वचन उचारा * मुग्धकाल पच्छी किन मारा
बिन अपराध कीन खग हिंसा * अस कुकर्म ! मम रहत नृसंसा

नरक बास पावै अधम, शाप दियो भरि शोक ।
शाप देत वानी प्रगट, छन्दबद्ध श्लोक ॥ ८ ॥

जो न होत मुनि कहँ यहु शोका * तौ कस प्रगटत पुण्यश्लोका
'मा निषाद'[1] पद अमित अनन्दा * मुनि लिखि लियो चतुष्पद छंदा
मर्म न विदित, चकित निज वचना * तब लौं भरद्वाज आगमना
दोउ गुरु-शिष्य मनन-आसीना[2] * सुनी उतै नारद-मधुबीना
वाल्मीकि मुनि काज सँवारन * नारद कहँ पठयो चतुरानन

नारदकर्त्तृक वाल्मीकि के रामायण रचनार आभास प्रदान

एक दिन से वाल्मीकि सरोवर कूले * राम नाम जपे बसि सुखे वृक्ष मूले
क्रौञ्चक्रौञ्चीवसि तथा आछेवृक्षतले * एक व्याध सेइ पक्षी विन्धिलेक नले
विन्धिलेक सेइ पक्षी शृङ्गारेर काले * व्याकुल हइया पड़े वाल्मीकिर कोले
रामे स्मरि बले मुनि काणेदियाहात * जीवहत्या कैलि पापी आमार साक्षात्
शृङ्गारे मारिलि पाखी बड़इ कुकर्म्म * पापिष्ठ नारकि तुइ नाहि तोर धर्म्म
बिना अपराधे हिंसा कर पक्षीजाति * बुझिलाम तोमार नरके हबे स्थिति
एतेक बलिया मुनि शाप दिल ताके * एई शोके एक श्लोक निःसरिल मुखे
शोक हैते श्लोकेर हइल उपादान * मा निषाद बलि तार हय उपाख्यान
चारि पद छन्द मुनि लिखिलेन हाते * लिखिया आपनि मूल ना पारे बुझिते
भरद्वाज सन्निधाने करिला गमन * गुरु शिष्य बसिया आछेन दुइजन
ब्रह्मा पाठाइया दिल तथा नारदेरे * वाल्मीकिरे उपदेश करिबार तरे

१ चतुष्पद अनुष्टुप छंद का प्रथम चरण जिसमें राम का पुण्य चरित्र वाल्मीकीय रामायण में आरम्भ हुआ है । यह पद अकस्मात् उनके मुख से आहत पक्षी को देखकर निकल पड़ा । २ विचार करने में लीन ।

करि वन्दना, विनय रस पागे * रचना धरी देवमुनि[1] आगे
नारद ताकर मर्म बुझावा * वाल्मीकि मन अति सुख पावा
रामचरित बरनौ यहि छंदा * मानवरूप सच्चिदानन्दा
रामभक्त, सब विधि सब लायक * बरनौ तात ! चरित रघुनायक
सूर्यवंश दसरथहि निकेतन * राम भरत लक्ष्मण रिपुसूदन
तीन गर्भ, जन्मैं चारिउ जन * यहि विधि चतुर्मूर्ति नारायन
मिथिला जनक जनमि वैदेही * चाप भञ्जि हरि ब्याही तेही
पितु-आयसु धरि कृपानिकेता * बन गवने सिय-लखन समेता
तहँ सिय-हरन कियो दशग्रीवा * पुनि मित्रता सुकपि सुग्रीवा
बालि-हतन सुग्रीवहिं राजू * खोज्यो सिय, कपि सकल समाजू
भुजा बीस बधि लंक दसानन * लौटि अवधपुरि कीन्हेउ सासन

वरनी रावन-दिग्वजय, कथा अगस्त्य ललाम ।
पञ्चमास कर गर्भ सिय, पुनि सोइ त्यागेउ राम ॥९॥

जेखाने वाल्मीकि मुनि भावेन बसिया * सेखाने नारद मुनि उत्तरिल गिया
नारद देखिया मुनि सम्भ्रमे उठिल * दण्डवत् करि बसिते आसन दिल
सेइ श्लोक शुनाइल मुनि नारदेरे * नारद करिया अर्थ बुझाइल ताँरे
एइ श्लोक छन्दे तुमि कर रामायण * उपदेश कहि जानि तुमि से भाजन
सूर्य्यवंशे दशरथ हबे नरपति * रावण वधिते जन्मिलेन लक्ष्मीपति
श्रीराम भरत आर शत्रुघ्न लक्ष्मण * तिन गर्भे जन्मिबेन एई चारि जन
सीता देवी जन्मिबेन जनकेर घरे * धनुर्भङ्ग पणे ताँर विवाह तत्परे
पितार आज्ञाय राम जाइबेन वन * सङ्गे ते जाबेन तार जानकी-लक्ष्मण
सीतारे हरिया लबे लङ्कार रावण * सुग्रीव सहित राम करिबे मिलन
बालि के मारिया तारे दिबे राज्य भार * सुग्रीव करिया दिबे सीतार उद्धार
दशमुण्ड बिश हात मारिया रावण * अयोध्याय राजा हइबेन नारायण
करिबेन अगस्त्य रावण दिग्विजय * पुनरपि सीता के बर्जिजबे महाशय

---

१ नारद ।

गोपवास सियकर, तप-उपवन * लव-कुश जनम जानकीनन्दन
रामायण वेदादि पुराना * सिखवहु तिनहिं अस्त्र विधि नाना
ग्यारह सहस वर्ष छिति पालन * सुतहिं राज, प्रभु स्वर्ग सिधारन
